प्रादेशिक समाचार
10.03.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. विधानसभा में आज विपक्ष के बहिष्कार के बीच स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के लिए 6 करोड़ 63 लाख 89 हजार रुपये की अनुदान मांग पारित, विधि व्यवस्था के सवाल पर हंगामा।

2. डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा–राज्य में जेल से संचालित हो रहे हैं अपराध, 3 गिरोहों पर नकेल कसने की तैयारी, 30 अपराधियों पर एफआईआर दर्ज।

3. गढ़वा जिले में पटाखे की दुकान में लगी भीषण आग, चार बच्चों समेत पांच लोगों की मौत, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने जताया दुख, दिये जांच के आदेश।

4. सीआईएसएफ आज मना रहा है अपना 56वां स्थापना दिवस, बोकारो स्टील प्लांट और एनकेएसटीपीपी टंडवा में आयोजित हुआ विशेष कार्यक्रम। और,

5. बिहार में आयोजित नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन झारखंड के साकेत मिंज और अफरोज अहमद ने जीते स्वर्ण, हिमांशु ने दिलाया कांस्य पदक।

*****************

विधानसभा में आज विपक्ष के बहिष्कार के बीच वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की छह करोड़ 63 लाख 89 हजार रुपये की अनुदान मांग ध्वनिमत से पारित हो गयी। विपक्ष के कटौती प्रस्ताव का जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अभिनव पहल की जा रही है। इससे पहले आज सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने विधि व्यवस्था के सवाल पर जमकर हंगामा किया। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में गिरती कानून व्यवस्था पर चर्चा की मांग रखी।

सदन के बाहर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ राज्य सरकार कड़ी कार्रवाई करेगी।

*****************

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा है कि राज्य में जेल के अंदर से अपराध को संगठित रूप से संचालित किया जा रहा है। विधानसभा के बाहर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पुलिस जेल के अंदर रची जा रही साजिश को विफल करने का लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि एटीएस के द्वारा अपराधी अमन साहू गिरोह के 30 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है।

*****************

गढ़वा जिले के रंका थाना क्षेत्र अंतर्गत गोदरमाना बाजार में आज एक पटाखे की दुकान में आग लग गयी। इस हादसे में दुकानदार समेत पांच लोगों की जलकर मौत हो गयी। घटना दिन के लगभग साढ़ ग्यारह बजे की है। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने घटना की पुष्टि की है।

इस बीच राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घटना पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने घटना के जांच के आदेश दिये हैं।

*****************

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल–सीआईएसएफ आज अपना 56वां स्थापना दिवस मना रहा है। सेल, बोकारो स्टील के सीआईएसफ यूनिट के द्वारा स्थापना दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी, सीआईएसएफ के डीआईजी दिग्विजय सिंह सहित सेल और सीआईएसएफ के वरीय अधिकारी शामिल हुए। इस मौके पर सीआईएसफ डीआईजी दिग्विजय सिंह ने कहा कि हमारा लक्ष्य उद्योगों को सुरक्षा प्रदान करना है क्योंकि उद्योग सेक्टर का देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है।

उधर, चतरा जिले के टंडवा में एनकेएसटीपीपी में सीआईएसएफ का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एनटीपीसी के एचओपी एस के सुआर उपस्थित थे। मौके पर सीआईएसएफ कमांडर पी एस श्रीजिथ समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

*****************

देवघर जिले में कांग्रेस की ओर से संताल परगना प्रमंडलीय अधिवेशन का आयोजन किया गया। अधिवेशन में पार्टी के प्रदेश प्रभारी के. राजू भी शामिल हुए। इस दौरान संगठन की मजबूती पर गहन विचार विमर्श हुआ। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश प्रभारी ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए पार्टी अगले पांच वर्षों की रणनीति तैयार कर रही है।

*****************

गढ़वा में जेएसएलपीएस समूह की दीदियों ने पलाश के फूल से हर्बल गुलाल और झारखंडी मिष्टान बनाकर रोजगार का एक अच्छा अवसर तलाश किया है।

*****************

<u>संक्षिप्त खबरे</u>

- रांची–टाटा राजमार्ग पर तमाड़ थाना क्षेत्र के भुइयांडीह मोड़ के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गयी। उधर दुमका में भी अलग–अलग दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई।
- खूंटी जिले के दो अलग अलग थाना क्षेत्रों में हुए दो हत्याकांडों का पुलिस ने खुलासा किया है। दोनों मामलों में तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।
- पाकुड जिले में उद्यान विकास योजना के तहत किसानों के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गयी। इसका उदघाटन उपायुक्त मनीष कुमार ने किया।

*****************

राज्य के सभी जिलों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक चल रहा है। पिछले 24 घंटे के दौरान सरायकेला में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जो राज्य में सर्वाधिक रहा। मौसम विभाग के अनुसार  तापमान में अगले 5 दिनों के दौरान 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक की और वृद्धि हो सकती है।

*****************

उत्तर प्रदेश के झांसी मे चार अप्रैल से 15 अप्रैल तक आयोजित होने वाली 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर राष्ट्रीय पुरुष हॉकी चैंपियनशिप के लिए हॉकी झारखंड के लिए चयन ट्रायल 20 मार्च को आयोजित किया जायेगा।

******************

बिहार के पटना में आयोजित नेशनल यूथ एथलेटिक्स चौम्पियनशिप के पहले दिन आज बालक 18 वर्ष आयु वर्ग की 400 मीटर दौड़ में रांची साईं के साकेत मिंज और ऊंची कूद में हजारीबाग के अफरोज अहमद ने स्वर्ण पदक हासिल किया। जबकि हिमांशु कुमार सिंह ने कांस्य पदक हासिल किया।

********समाप्त********